Title: Reported policy adopted by multinational finance companies not to extend loan facilities to politicians and their family members.

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धंधुका) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि गुजरात में कुछ मल्टीनेशनल फाइनैन्स कंपनियों और कुछ बड़ी कंपनियों ने इनडायरैक्टली अपने एजेन्टों को आदेश दिया है कि पोलिटीशियन और उनके रिश्तेदारों को लोन नहीं दिया जाए। गुजरात में लोन मेला लगता है, वहां आम जनता तो लोन ले रही है लेकिन अगर कोई जानता है कि यह किसी पोलिटीशियन का रिश्तेदार है तो उसको लोन नहीं दिया जाता है। अगर यह बात सही है तो गलत है। यह सभी राजनीतिज्ञों का अपमान है, जैसे पोलिटीशियन का संबंधी बनना तो गुनाह हो गया है। यदि यह सही है तो आपकी ओर से निर्देश जाएं और कंपनियों द्वारा अपने एजेन्टों को दिया हुआ इनडायरैक्ट आदेश वाप्स लिया जाए।

MR. SPEAKER: We should also introspect. It is a very serious matter.